




# सेंट्रलाइज्ड किचन शेड का निरीक्षण

## मिड-डे मील रसोई के तहत तिलकगंज में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सैंपिल भरकर भोपाल लैब जांच के लिए भेजे

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण मिड-डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है.**

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सीईओ द्वारा गठित संयुक्त निरीक्षण दल ने बंडा में बड़ी कार्रवाई के बाद नगरीय क्षेत्र के तिलकगंज में संचालित आकांक्षा समग्र विकास समिति, सेंट्रलाइज्ड किचन शेड पर औचक दबिश दी. खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम में जिला पंचायत की क्वालिटी मॉनिटर मुक्ता त्रिवेदी और सुषमा रजक शामिल रहीं,




खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह ने मौके पर गहनता से जांच की और खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए.

जांच टीम को किचन शेड के निरीक्षण के दौरान कुछ गंभीर खामियां और कमियां भी मिलीं. फोसटेक प्रमाण पत्र का अभाव मिला, पत्र प्रतिष्ठान में नहीं पाया गया जो सुरक्षा मानकों की अनदेखी को दर्शाता है, फर्श टूटी पाई गई है जिसे तुरंत सुधरवाने के निर्देश दिये गये हैं. सेंट्रल किचेन से कुल 06 सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है.

> समिति द्वारा नियमित रूप से भोजन की जांच और पानी की जांच लैब से कराया जाना पाया गया है. कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट और साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई. निरीक्षण के दौरान किचन में कार्यरत कुल 10 पुरुष कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट अपडेटेड पाया गया. इसके अलावा रसोई में बर्तन, दीवारें और ड्रेनेज सिस्टम जैसी साफ-सफाई की व्यवस्थाएं उचित व उपयुक्त पाई गईं. खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह ने बताया कि पाई गई कमियों को लेकर समिति को कड़े निर्देश जारी किए जा रहे हैं और लैब से सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी.

## एडिना के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर.** एडिना इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने आरजीपीवी विवि द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है. चंद्रभान पटेल ने प्रथम, जया यादव ने द्वितीय, दिव्यांशी ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. कंप्यूटर साइंस विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग में जाधव चंचल गणेश ने प्रथम, जया जैन ने द्वितीय, जुनैद खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. सिविल इंजीनियरिंग विभाग में नीतू विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, पूनम अहिरवार एवं प्रियजल राय ने द्वितीय, कल्पना अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. अजय अहिरवार ने प्रथम, कामिनी विश्वकर्मा ने द्वितीय, केशव पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. जितेश प्रजापति ने प्रथम, आदित्य कुमार ने द्वितीय स्थान, आयुषी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया.

# छत का प्लास्टर गिरने से मासूम मृत

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. मकरोनिया स्थित दीनदयाल नगर के एक मकान का प्लास्टर गिरने से मासूम बालिका की मलबे में दबकर मौत हो गई.**



जानकारी के अनुसार बच्ची को मलबे से बाहर निकालकर पहले स्थानीय अस्पताल और फिर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज ले जाया गया,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार,यह मकान बंडा निवासी कालीचरण वर्मा का है, मकान में बंटी रैकवार अपने परिवार के साथ पिछले करीब 9 वर्षों से किराए पर रह रहे थे. परिवार मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करता है. हादसे के समय सृष्टि कमरे में सो रही थी,तभी छत का प्लास्टर गिर गया. बता दें कि नगर पालिका मकरोनिया ने मकान को जर्जर घोषित कर मकान मालिक को दो बार नोटिस जारी किए थे, इसके बावजूद न तो मकान खाली कराया गया और न ही उसे गिराया गया. हादसे के बाद नगर पालिका की कार्रवाई और मकान मालिक की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही नरयावली विधायक प्रदीप लारिया मौके पर पहुंचे. उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया. साथ ही अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए. वही मकरोनिया थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है.

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, अब जांच के बाद यह तय होगा कि इस दर्दनाक हादसे के लिए जिम्मेदार कौन है.

# जीव को भगवान बनने का मार्ग दिखाते हैं गुरु: मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. मुनिश्री अभयसागर महाराज के संघस्थ मुनिश्री गरिष्ठसागर महाराज ने कहा कि गुरु ही वह माध्यम हैं, जो जीव को भगवान बनने का मार्ग दिखाते हैं.**

उन्होंने कहा गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूँ पाय. बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय. अर्थात गुरु ही हमें भगवान का परिचय कराते हैं, इसलिए उनका स्थान महान है. मुनिश्री ने कहा कि हमारे गुरुदेव केवल भगवान का मार्ग बताने वाले ही नहीं, बल्कि स्वयं भगवान बनने की साधना का मार्ग भी सिखाते हैं. उन्होंने कहा कि सच्चे गुरु का उपकार शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता. आपने हमें दीक्षा देकर हमारे ऊपर बहुत बड़ा उपकार किया. इस पर आचार्य श्री समयसागर महाराज ने अत्यंत विनम्रता से उत्तर दिया कि यह उपकार नहीं है. प्रवचन में संजीव भैया, भरत भैया, महेश बिलहरा, मुकेश जैन ढाना, देवेंद्र जैना, आनंद जैन, राहुल केसली, आनंद जैन, अभिषेक जैन मौजूद थे.

## यात्रियों को रवाना करेंगे

**सागर.** रामसरोज समूह के सदस्यों बबीता संजीव केसरवानी, गीता शैलेश केसरवानी एवं श्वेता अखिलेश मोनी केसरवानी द्वारा अपने तीर्थ दर्शन संकल्प को निरंतर विस्तार देते हुए सोमवार 13 जुलाई को दोपहर 3 बजे तिलकगंज स्थित एक निजी होटल में जगन्नाथ पर्व का आयोजन किया जा रहा है. जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जगन्नाथ पुरी जाने वाले तीर्थ यात्रियों को यात्रा टिकटों का विधिवत वितरण किया जाएगा. मुख्य अतिथि रामबाग मंदिर के वरिष्ठ संत घनश्याम दास महाराज एवं नर्मदा भक्त संत पंडित केशव गोस्वामी महाराज होंगे.

# हाट बाजार छोड़ शिवाजी चौक पर सब्जी दुकानें

नवभारत न्यूज

**खुरई 11 जुलाई. आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने करोड़ों की लागत से शिवाजी वार्ड में हाट बाजार का निमार्ण करवाया था.**

प्रारंभ में पुलिस और प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सब्जी हाथ ठेला विक्रेताओं को एक ही स्थान पर बैठने के लिए तैयार कर लिया था, जिसका कुछ समय तक पालन हुआ था और नगर का यातायात भी सुगम हो गया था लेकिन बेलगाम हाथ ठेला वाले पुनः नगर की तमाम सड़कों पर बेतरतीब



तरीके से फैलकर अब सुगम आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं. शाम के वक्त महामंगला महाकाली मंदिर के सामने चारों तरफ जाने वाले मार्गों के मध्य ठेला लगाकर पैदल चलने वाले राहगीरों को निकलने तक नहीं देते हैं. आने-जाने के बारे रास्ते जाम कर देते हैं. उल्लेखनीय है कि शिवाजी चौक पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित है जहां उनके चारों और सब्जी के ठेले लग जाते हैं. अगर पुलिस और प्रशासन सख्ती दिखाते तो सब्जी ठेले वालों के अतिक्रमण से मुक्त हो सकता है.

# राशि चौबे बनीं खनिज निरीक्षक

नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 11 जुलाई. राशि चौबे ने खनिज निरीक्षक भर्ती परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खनिज निरीक्षक के पद पर चयन प्राप्त किया है.**

उन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में 35वीं रैंक हासिल कर नगर तथा अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है. राशि पिछले पाँच वर्षों से इस प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी में निरंतर जुटी हुई थीं, यह उनका तीसरा इंटरव्यू था. उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी उन्होंने इंटरव्यू उत्तीर्ण किया था, किंतु उनका चयन प्रतीक्षा सूची में हुआ था.




बाद में उनकी वेटिंग भी क्लियर हो गई, इसके बावजूद उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी. इस उपलब्धि पर राशि चौबे एवं उनके परिवार ने पिता स्व. राजकुमार चौबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक स्मरण किया. राशि ने सफलता में ससुराल पक्ष के समर्पण और समर्थन का भी योगदान बताया.

## एक नजर में




### जिला अस्पताल में जागरुकता रैली आयोजित

**सागर.** विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला चिकित्सालय में जन-जागरुकता रैली का आयोजन किया गया.रैली का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ. देवेश पटैरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया. कार्यक्रम में डॉ. ज्योति चौहान ने परिवार कल्याण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जयंत ने परिवार नियोजन के स्थायी साधनों के संबंध में उपस्थितजनों को अवगत कराया.



### नेट परीक्षा उत्तीर्ण होने पर सम्मान किया

**रहली.** बेबी अहिरवार ने प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक शाला बरखेड़ा सिकंदर माध्यमिक शिक्षा रहली की अनु. जाति उत्कृष्ठ छात्रावास रहली में अधीक्षिका रीता मेकलीन के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा हायर सेकेंडरी की शिक्षा कन्या स्कूल रहली फिर डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई करने पश्चात विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, उन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान का सहारा लिए, पूरी तरह घर पर रहकर ही तैयारी की और नियमित स्वाध्याय व दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया. शिक्षिका बेबी के पिता कुंजीलाल अहिरवार चांदपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता श्रीमती भागबाई बरखेरा सिकंदर में प्राथमिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं. इस सफलता पर बेबी अहिरवार ने श्रेय अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों, अजीम व प्रेमजी फाउंडेशन टीएलसी सदस्यों लवकुश व राकेश और शयाम लाल चौधरी को दिया है.

# बीएमसी में जागरुकता कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. विश्व जनसंख्या दिवस पर बीएमसी में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ संघ के तत्वावधान में नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

मुख्य वक्ता डॉ. ज्योति चौहान एवं डॉ. शिविका यादव ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. संचालन साक्षी पाण्डेय ने किया. श्रीमति सुप्रिया नवाथे ने कहा हम सब मिलकर कार्य करे तथा युवा वर्ग कार्य करे तो कोई वो लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है.

## भागवत कथा 15 से

**सागर.** कच्छ कड़वा पाटीदार समाज वाड़ी भवन भगवानगंज में 15 जुलाई से शतचंडी महायज्ञ एवं 19 जुलाई से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री मौनी महाराज कबूला पुल मंदिर के सानिध्य में किया जा रहा है. कथा एवं यज्ञ के मुख्य यजमान दिनेश, श्रीमती पुष्पा शुक्ला ने बताया कि कच्छ कड़वा पाटीदार समाज वाड़ी भवन में 15 जुलाई से शतचंडी यज्ञ प्रारंभ होगा. यज्ञ आचार्य पंडित रामकुमार खमरिया एवं चंद्रभूषण तिवारी होंगे. इसके अलावा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 19 से 25 जुलाई तक किया गया है. नीलगिरी पीठाधीश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज कथा श्रवण कराएंगे. कथा दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी.

# दान भूमि पर कब्जे का प्रयास, ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**बीना 11 जुलाई. ईसाई समाज के लोगों ने तहसीलदार अंबरपंथी, एवं एसडीओपी अजय सनकत को ज्ञापन सौंपकर मिशन कम्पाउंड स्थित दान भूमि पर जबरन कब्जे के प्रयास का विरोध दर्ज कराया.**

समाज ने एसडीओपी अजय सनकत से भी भविष्य में अप्रिय घटना न हो, इसके लिए कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की. ज्ञापन में बताया कि मिशन कम्पाउंड बीना में स्थित भूमि शेलेन्द्र लाल पिता स्व. एडविन प्यारेलाल की दान भूमि है.



> इस भूमि पर वर्तमान में स्वयं शेलेन्द्र लाल का कब्जा है और इसी पर दुकान का संचालन भी किया जा रहा है. आरोप लगाया गया कि उक्त भूमि पर अंकिता किंग पुत्री जानसन किंग द्वारा कुछ बाहरी शरारती तत्वों को बुलाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया, इसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना छोटी बजरिया को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश दी. इसके बावजूद पुन: कुछ बाहरी लड़कों को बुलाकर भूमि पर तार की फेंसिंग और खंभे गाड़ने का प्रयास किया गया. इसकी सूचना पुन: पुलिस को दी गई, पुलिस के पहुंचते ही शरारती तत्व मौके से भाग गए. पुलिस ने फेंसिंग में उपयोग होने वाला सामान जब्त कर लिया.

# स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. सिविल अस्पताल मकरोनिया में विधानसभा स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने की.**

स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों एवं तकनीकी अमले की उपस्थिति में क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और अधोसंरचना विकास की गहन समीक्षा की गई. विधायक श्री लारिया ने सिविल अस्पताल मकरोनिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पामाखेड़ी, परसोरिया, नरयावली एवं कर्रापुर में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं.



> श्री लारिया ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने निर्माणाधीन सिविल अस्पताल के दिसम्बर माह तक कार्य पूर्ण कर पूर्ण सिविल अस्पताल तैयार करने के निर्देश दिए. समीक्षा बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं, डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, आवश्यक उपकरणों, दवा व्यवस्था तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई. विधायक श्री लारिया ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में मरीजों को संवेदनशील, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. विधायक श्री लारिया ने सीएचएमओ डॉ देवेश पटेरिय साथ सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया. बैठक में डॉ अंकित बोहरे , डॉ.विकास फुसकेले, डॉ. श्वेता स्टीफन, डॉ.एमके बरेठिया, डॉ.दीपक दुबे, डॉ. शरद तिवारी, डॉ.आकांक्षा नायक, डॉ. भाव्या केशरवानी, डॉ.गौरव कुमार, डॉ. राहुल मुखारया,नपाध्यक्ष मिहीलाल, पार्षद बलवंत ठाकुर, विवेक सक्सेना मौजूद थे.

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान दायित्व सौंपे

**सागर.** जिले में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का संचालन किया जाएगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को मैदानी भ्रमण कर सख्त पर्यवेक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं. अभियान के दौरान निर्धारित अमला, जिसमें सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, गौसेवक और पशु सखी शामिल हैं, गांवों का सघन भ्रमण करेंगे. ये दल विशेष रूप से 3 से 4 गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों के घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे और उन्हें पशु प्रबंधन की आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान करेंगे.

# साइबर गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 11 जुलाई. जखौरा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ है, जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता था.**

बदनामी और जेल भेजने का भय दिखाकर गिरोह लोगों से रुपये वसूलता था. साइबर सेल की जांच में इस गिरोह की कार्यप्रणाली का खुलासा होने के बाद जखौरा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि गिरोह के कथित मास्टरमाइंड की तलाश जारी है. पुलिस के अनुसार प्रतिबिंब पोर्टल पर दर्ज साइबर ठगी की शिकायत के आधार पर जखौरा साइबर सेल ने जांच शुरू की.

साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक धामा ने पीड़ित से संपर्क किया तो उसने बताया कि कुछ लोगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए फोन किया और कहा कि उनके पास उसका अश्लील वीडियो है. ठगों ने वीडियो वायरल करने और जेल भेजने की धमकी देकर तत्काल रुपये जमा कराने का दबाव बनाया. डर और बदनामी के भय से पीड़ित ने उनके बताए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी. जांच के दौरान साइबर सेल ने ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर की तकनीकी पड़ताल की. यह सिम कार्ड सुरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम घिसौली, थाना जखौरा के नाम पर पंजीकृत मिला, जबकि उसका इस्तेमाल उसका चचेरा भाई रितिक लोधी कर रहा था. पुलिस पूछताछ में रितिक लोधी ने कई अहम खुलासे किए. जखौरा बस स्टैंड पर उसकी मुलाकात दो व्यक्तियों से हुई थी, जिन्होंने अपने नाम अनिकेत और भोले बताए तथा खुद को टीकमगढ़ के लखैपुर गांव का निवासी बताया.

# अग्रणी कॉलेज में वाचनालय का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय की लाइब्रेरी में नवनिर्मित अत्याधुनिक अध्ययन दीर्घा वाचनालय एवं नवीनीकृत प्राचार्य कक्ष का उद्घाटन हुआ.**

मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने फीता काटकर सर्वसुविधायुक्त वाचनालय छात्र-छात्राओं को समर्पित किया. इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने की. कार्यक्रम के शुभारंभ में



विधायक शैलेंद्र जैन ने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग सागर संभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे, ओएसडी रामकुमार गोस्वामी तथा मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ.

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 11 जुलाई. रोटरी के नवीन सत्र की सेवा गतिविधियों के अंतर्गत रोटरी क्लब सेंट्रल द्वारा आनंद वृद्धाश्रम, राजघाट रोड, में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.**

संयोजन डॉ. प्रियंका बरजात्या द्वारा जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों के सहयोग से किया. इस अवसर पर कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अनुराग चौधरी, सचिव रोटेरियन सौरभ जैन सहित रोटेरियन अभिनय जैन, फादर पॉल, सुभाष कंड्या, सुरेश चंद्र जैन, अर्पित वर्मा, रोहित जैन, विवेक श्रीवास्तव, विजय भूषण वर्मा, शरदकांत सोनी एवं विनोद ठाकुर की उपस्थिति रही.

# जेरा बांध से 15 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 11 जुलाई. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंगारमुंडी, मनेशिया, ढकरई, मूड़री, सेवन, करहद में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में प्रदेश की अग्रणी विधानसभा बन चुकी है. उन्होंने कहा कि 3 वर्ष पहले मेरे द्वारा किये गये प्रयासों से जेरा बांध परियोजना को धरातल पर लाया



गया था, जो अब पूरा होने जा रहा है, जिसकी 171 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जेरा सिंचाई परियोजना से 23 ग्रामों की 15 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी, जिससे करीब 10 हजार किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा. मसुरहाई, बांसा, खाहरमउ, देवलचैरी, ढकरई, मूड़री, करहद, महुआखेड़ाकला, सेमराकला, सेमराघोना, सेमराघाट, सेवन, सिंगारचैरी, सिंगारमुड़ी, ताजपुर, मिडवासा, तोड़ातरफदार, रीछई सहित अनेक गांवों के किसानों को वर्षभर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा.